मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

अनुक्रमांक ..........................

नाम ..........................

# 901 801(GO)

## 2021

## हिन्दी

समय : 2 घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. प्रश्न संख्या **1** एवं **2** में से किसी एक प्रश्न को हल कीजिए । 5 × 2 = 10 अंक

2. प्रश्न संख्या **3** एवं **4** में से किसी एक प्रश्न को हल कीजिए । 12 अंक

   (प्रश्न 3 = 4 + 4 + 4 = 12, प्रश्न 4 = 2 + 8 + 2 = 12)

3. प्रश्न संख्या **5 'क'** एवं **5 'ख'** में से एक प्रश्न को



4. प्रश्न संख्या **6** एवं **7** में से किसी एक प्रश्न को हल कीजिए । 8 अंक

   (प्रश्न **6** = 2 + 6 = 8, प्रश्न **7** = 4 + 2 + 2 = 8)

5. प्रश्न संख्या **8** एवं **11** में से किसी एक प्रश्न को हल कीजिए । 12 अंक

   (प्रश्न **8** = 4 + 4 + 4 = 12, प्रश्न **11** = 12)

6. प्रश्न संख्या **9** .................................. 11 अंक

7. प्रश्न संख्या **10** .................................. 8 अंक

8. प्रश्न संख्या **12** .................................. 3 अंक

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए :

   i) 'चतुरसेन शास्त्री' लब्धप्रतिष्ठ कवि थे ।

   ii) 'भूले-बिसरे चित्र' के लेखक भगवतीचरण वर्मा हैं ।

   iii) 'अपनी खबर' प्रसिद्ध यात्रा वृत्तान्त है ।

   iv) 'नीड़ का निर्माण' प्रसिद्ध नाटक है ।

ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** कृति के लेखक का नाम लिखिए :

i) त्रिवेणी

ii) अजातशत्रु

iii) खादी का अर्थशास्त्र

iv) साहित्य और कला ।

ग) किसी एक रिपोर्ताज लेखक का नाम लिखिए ।

घ) 'मेरी कॉलेज डायरी' के रचनाकार का नाम लिखिए ।

ङ) 'प्रतिशोध' किस विधा की रचना है ?

2. क) रीतिकाल के प्रमुख दो कवियों के नाम लिखिए ।

ख) छायावादी युग की किन्हीं **दो** प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।

ग) 'यामा' के रचयिता का नाम लिखिए ।

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क) बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिनके घड़ी भर के साथ से बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है, क्योंकि उतने ही बीच में ऐसी-ऐसी बातें कही जाती है, जो कानों न पड़नी चाहिए, चित्त पर ऐसे प्रभाव पड़ते हैं, जिससे उसकी पवित्रता का नाश होता है । बुराई अटल भाव धारण कर बैठती है । बुरी बातें हमारी धारणा में बहुत दिनों तक टिकती है ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

ख) भिन्न-भिन्न धर्मों के मानने वाले भी, जो सारी दुनिया के सभी देशों में बसे हुए हैं, यहाँ भी थोड़ी-बहुत संख्या में पाये जाते हैं और जिस तरह यहाँ की बोलियों की गिनती आसान नहीं, उसी तरह यहाँ भिन्न-भिन्न धर्मों के सम्प्रदायों की गिनती आसान नहीं । इन विभिन्नताओं को देखकर यदि अपरिचित आदमी घबड़ाकर कह उठे कि यह एक देश नहीं, अनेक देशों का एक समूह है, यह एक जाति नहीं, अनेक जातियों का समूह है तो इसमें आश्चर्य की बात नहीं ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) भारत की बोलियों एवं सम्प्रदायों के सम्बन्ध में क्या बताया गया है ?



4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी **एक** पद्यांश की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए तथा काव्य-सौंदर्य भी स्पष्ट कीजिये :

क) ऊधौ मंन न भए दस बीस ।

एक हुतौ सो गयौ स्याम सँग, को अवराधै ईस ।।
इंद्री शिथिल भई केसव बिनु, ज्यों देही बिनु सीस।
आसा लागि रहत तन स्वासा, जीवहिं कोटि बरीस।।
तुम तौ सखा स्याम सुन्दर के, सकल जोग के ईस।
सुर हमारै नंदनंदन बिनु, और नहीं जगदीस ।।

ख) बढ़त-बढ़त संपति-सलिलु, मन सरोजु बढ़ि जाय।
घटत-घटत सुन फिरि घटै, बस समूल कुम्हिलाय।।
जौ चाहत, चटक न घटै, मैलौ होय न चित्त ।
रज राजयु न छुवाइ तौ, नेह-चीकनो चित्त ।।

5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए :

i) डॉ० भगवतशरण उपाध्याय

ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

iii) जयशंकर प्रसाद ।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए :

i) तुलसीदास

ii) महादेवी वर्मा

iii) मैथिलीशरण गुप्त ।



6. निम्नलिखित संस्कृत-गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

आम् राष्ट्रद्रोहः यवनराज ! एकम् इदं भारत राष्ट्रम् बहूनि चात्र राज्यानि बहवश्च शासकाः । त्वं मैत्रीसन्धिना तान् विभज्य भारतं जेतुम् इच्छसि । आम्भीकः चास्य प्रत्यक्षं प्रमाणम् ।

**अथवा**

धान्यानामुत्तमं किंस्विद् धनानां स्यात् किमुत्तमम् ।
लाभानामुत्तमं किं स्यात् सुखानां स्यात् किमुत्तमम् ?

7. क) अपनी पाठ्यपुस्तक में से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो ।

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए :

i) वाराणसी कस्य संगमस्थली अस्ति ?

ii) पदेन बिना किं दूरं याति ?

iii) चन्द्रशेखरः स्वगृहं किम् अवदत् ?

iv) ज्ञानं कुत्र सम्भवति ?

क) 'करुण' रस अथवा 'हास्य' रस की सोदाहरण परिभाषा दीजिए ।

ख) 'रूपक' अलंकार अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार की परिभाषा देते हुए उदाहरण प्रस्तुत कीजिए ।

ग) सोरठा छन्द अथवा रोला छन्द की सोदाहरण परिभाषा लिखिए ।

9. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक-एक शब्द बनाइए :

i) अन

ii) अधि

iii) अनु

iv) सह

v) अभि

vi) परि ।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए :

i) आई

ii) त्व

iii) ता

iv) पन

v) व

vi) हट ।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए :

i) तिरंगा

ii) त्रिवेणी

iii) दाल-रोटी

iv) हानि-लाभ ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के तत्सम रूप लिखिए :

i) ईख

ii) कपूर

iii) घर

iv) किवाड़

v) खंभा ।

ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

i) कृष्ण

ii) दूध

iii) पुत्र

iv) जल

v) बादल ।



10. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि-विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए :

i) इत्यत्र

ii) इत्युक्त्वा

iii) प्रत्युत्तरम्

iv) यद्यपि

v) लघ्वाकृतिः ।

ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक शब्द का** षष्ठी विभक्ति, बहुवचन का रूप लिखिए :

i) नदी अथवा मधु

ii) फल अथवा मति ।

http://www.upboardonline.com

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** का धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए :

i) पठानि

ii) पठ:

iii) हसेयम्

iv) हसिष्यति ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए :

i) सागर के उत्तर में भारतवर्ष है ।

ii) देशभक्त निर्भीक होते हैं ।

iii) हमारे पूर्वज धन्य थे ।

iv) हमें अपना कर्तव्य करना चाहिए ।

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

i) क्रिकेट मैच का आँखों देखा वर्णन

ii) छात्र और अनुशासन

iii) पर्यावरण प्रदूषण

iv) छात्रों के लिए पुस्तकालय की उपयोगिता

v) प्रिय साहित्यकार ।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए :

क) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर मेघनाद के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

ख) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

ग) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य का कथासार प्रस्तुत कीजिए ।

ii) 'अग्रपूजा' के आधार पर श्रीकृष्ण के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

घ) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर कौशल्या-सुमित्रा मिलन सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' के नायक का चरित्रांकन कीजिए ।

ङ) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य का कथासार प्रस्तुत कीजिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' के प्रधान पात्र का चरित्रांकन

च) i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए ।

ii) 'मुक्तिदूत' के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

छ) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य का कथासार प्रस्तुत कीजिए ।

ii) 'जय सुभाष' के आधार पर सुभाषचन्द्र बोस का चरित्रांकन कीजिए ।

ज) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रधान पात्र का चरित्रांकन कीजिए ।

झ) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य का कथासार प्रस्तुत कीजिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' के आधार पर जवाहरलाल नेहरू का चरित्र-चित्रण कीजिए ।